>

Title: Need to ensure benefit of Kisan Samman Nidhi Yojana to all the eligible farmers.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि निश्चित रूप से ही देश के गरीब किसानों के लिए हितकारी सिद्ध हो रही है । सम्पूर्ण देश के किसान इस योजना से लाभान्वित हो रहे है मेरे संसदीय क्षेत्र के लोग भी इस योजना से लाभ ले रहे है लेकिन कुछ किसान उक्त योजना हेतु फॉर्म ऑनलाइन जमा किये थे और वह किसान इस योजना के पात्र भी है लेकिन किसी कारणवश उन्हें अभी तक लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है जिले के अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी उनके आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है | इसलिए मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि जो किसान इस योजना के पात्र है उनके आवेदन पर कार्यवाही हो और उन्हें भी इस योजना का लाभ प्राप्त हो जिससे की देश भर में व्याप्त कोरोना महामारी के दौर में किसान सम्मान निधि से मिलने वाली राशि उनके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी ।